मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर

क्रमांक/मोलासुविवि/परीक्षा/2022/4626 दिनांकः 08.10.2022

अधिसूचना संख्या– 01
(मुख्य परीक्षा 2023 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने हेतु)

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालयों के निम्नांकित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के लिए मुख्य परीक्षा– 2023 के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से आमन्त्रित किये जाते हैं, जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार घोषित किया जाता है :–

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम व केटेग्री	आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि	आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	हार्ड कॉपी जमा करवाने की अंतिम तिथि
1.	B.A. / B.COM. – FIRST YEAR - PRIVATE	10.10.2022	19.10.2022	दिनांक 10.10..22 से प्रारम्भ होकर अंतिम तिथि 01.11.22 तक रहेगी।

नोट :–

1. अन्य पाठ्यक्रमों/कक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथियां आगामी अधिसूचना द्वारा घोषित की जायेगी।
2. परीक्षा शुल्क डेबिट कार्ड/केडिट कार्ड/नेट बैकिंग, UPI एवं PAYTM के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा।
3. संबंधित परीक्षार्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से सावधानी पूर्वक भरें, (NAME, FATHERS NAME, MOTHERS NAME & DATE OF BIRTH BE MENTIONED STRICTLY AS PER THE MARK SHEET OF 10TH) आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रूप से दर्ज करें तथा आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति मय आवश्यक दस्तावेजों के ***अंतिम तिथि की प्रतिक्षा किये बिना शीघ्रातिषीघ्र अपने से संबंधित महाविद्यालय में जमा करावें।***
4. परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रषित परीक्षा आवेदन पत्रों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा, अतः संबंधित परीक्षार्थी उपर्युक्त निर्धारित समय में अपने से संबंधित महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र जमा करायें। ***महाविद्यालय द्वारा अग्रेषित परीक्षा फॉर्म ही स्वीकार होंगे।***
5. परीक्षा फॉर्म भरने संबंधी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 0294–2471505, 2471506 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(डॉ.आर.सी.कुमावत)
परीक्षा नियंत्रक

कमशः......2

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु</u> :–

1. अधिष्ठाता / प्राचार्य / निदेशक, समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय को भेजकर लेख है कि:–

(अ) परीक्षार्थियों की सूची कॉलेज पेनल से प्राप्त कर परीक्षा फार्म मय संलग्नकों के वर्णानुक्रम (Alphabetical order) में कक्षावार / महाविद्यालयवार सूची तैयार करके अंतिम तिथी से 07 दिन के अन्दर, विश्वविद्यालय भिजवावें। इसके लिए विश्वविद्यालय नियमानुसार यात्रा भत्ता देय होगा तथा निर्धारित तिथियों के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों के लिए विश्वविद्यालय से कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा, साथ ही विलम्ब से भेजे गये आवेदन पत्रों के लिए पेनाल्टी का भी प्रावधान है।

(ब) उपरोक्त वर्णित तिथियों को यदि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र वर्णानुक्रम (Alphabetical order) में कक्षावार करके जमा नहीं करवा पाते हैं, तो महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के तहत पेनाल्टी जमा करानी होगी।

(स) आवेदन पत्रों के साथ Details of Registered Students की सूचि मय Fee Report एक प्रति में विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग में जमा करावें, इसके अभाव में अग्रेषण शुल्क का भुगतान संभव नहीं होगा।

(द) नोटिस बोर्ड पर विज्ञप्ति चस्पा करते हुए सूचित किया जाता है कि परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए विश्वविद्यालय वेबसाइट www.mlsu.ac.in का निरन्तर अवलोकन करें।

2. कुलसचिव / वित्त नियंत्रक / परीक्षा नियंत्रक / परिणाम प्रभारी / लेखाधिकारी, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
3. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
4. इन्चार्ज, इन्टरनेट केन्द्र, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर को भेजकर लेख है कि उपर्युक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करावें।
5. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गोपनीय / परीक्षा विभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर।
6. आई.टी.आई. इण्डिया लिमिटेड, न्यू दिल्ली।
7. विश्वविद्यालय हेल्पलाईन

उप कुलसचिव (परीक्षा)